# सामाजिक रूप से टिकाऊ पैरामाटा रूपरेखा (सस्टेनेबल पैरामाटा फ्रेमवर्क)

## लोगों को सबसे ऊपर रखने में काउंसिल की मदद करना।

**आप क्या सोचते हैं कि काउंसिल समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद के लिए क्या बेहतर कर सकती है? हम अपने शहर में हो रहे विकास से सभी को समान रूप से लाभान्वित होना कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं? इस तरह की अनिश्चितता के समय में, लचीलापन सृजित करना और बदलाव के माध्यम से अपने समुदायों का सहयोग करना पहले से अधिक महत्वपूर्ण है।**

**काउंसिल आपके ज्ञान और अनुभवों की कद्र करती है, और सामाजिक रूप से टिकाऊ पैरामाटा रूपरेखा (SSPF) के 3-5 वर्षों की कार्ययोजना में अपना इनपुट देने के लिए आमंत्रित करती है। आपका फीडबैक आठ SSPF लक्ष्यों में से प्रत्येक के तहत सूचीबद्ध परिणामों की प्राप्त में मदद के लिए विशिष्ट गतिविधियों को वरीयता देने में काउंसिल का मददगार बनेगा।**

### सामाजिक रूप से टिकाऊ पैरामाटा रूपरेखा (SSPF) क्या है?

सामाजिक रूप से टिकाऊ पैरामाटा रूपरेखा (SSPF) उन विशिष्ट तरीकों की पहचान करती है जिनसे समुदाय में हर कोई विकास के अवसर समान रूप से साझा कर सके। सामाजिक रूप से टिकाऊ पैरामाटा रूपरेखा (SSPF) उन विशिष्ट तरीकों की पहचान करती है जिनसे समुदाय में हर कोई विकास के अवसर समान रूप से साझा कर सके।

### सामाजिक रूप से टिकाऊ पैरामाटा रूपरेखा (SSPF) के आठ लक्ष्य क्या हैं?

आठ SSPF लक्ष्य कल्याण के विभिन्न पहलुओं को कवर करते हैं:

1. **बच्चे हमारा भविष्य हैं**
   - इस दिशा में काम करना कि पैरामाटा में हर बच्चा स्वस्थ, पोषित, खुशहाल हो, और कामयाब हो।
   - विकास के लाभ सभी के साथ समान रूप से तभी साझा किए जा रहे हैं जब निम्न और उच्च आय परिवारों के (0-4 वर्षीय) बच्चों के बीच कोई अवसरों का अंतर नहीं है।
2. **सभी के लिए विविधतापूर्ण, किफायती आवास**
   - उच्च गुणवत्ता वाले विविधतापूर्ण किफायती आवासों की श्रृंखला का वितरण और विस्तार करना जो समुदाय की आवास संबंधी विविध जरूरतों को पूरा करता हो।
   - विकास के लाभ सभी के साथ समान रूप से तभी साझा किए जा रहे हैं जब पैरामाटा सिटी के सभी निवासी अपनी जरूरतों को पूरा करने वाले आवासों के लिए भुगतान करने में सक्षम हैं।
3. **सभी लोग सीख सकते हैं, साझा कर सकते हैं और विकास कर सकते हैं**
   - लोगों को अपनी परिस्थितियों में सुधार करने, अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने और अपना ज्ञान, रचनात्मकता और संस्कृति साझा करने में मदद करने के लिए, हर उम्र में सीखने के औपचारिक और अनौपचारिक अवसर सुलभ कराना।
   - विकास के लाभ सभी के साथ समान रूप से तभी साझा किए जाएंगे जब लोगों के पास सीखने के औपचारिक और अनौपचारिक अवसरों तक पहुंच का समान अवसर होगा।
4. **सभी लोगों को एक ऐसी नौकरी सुलभ हो सके जो उन्हें गरिमा और सुरक्षा के साथ जीने में सक्षम करे।**
   - पैरामाटा सिटी के सभी निवासियों के लिए उचित नौकरियों और उद्यम तक पहुंच सुनिश्चित करें और उसे बनाए रखें।
   - विकास के लाभ सभी के साथ समान रूप से तभी साझा किए जाएंगे जब लोगों के पास आर्थिक सहभागिता के लाभों तक पहुंच होगी।
5. **साझा करने के लिए हरित, समावेशी और सुरक्षित स्थान**
   - ऐसे सार्वजनिक स्थान और मोहल्ले डिजाइन करना, बनाना और बनाए रखना जो हरित, सुरक्षित और सभी के लिए समावेशी हों।
   - विकास के लाभ सभी के साथ समान रूप से तभी साझा किए जा रहे हैं जब हम ऐसे ऐसे सार्वजनिक स्थान और मोहल्ले डिजाइन करते, बनाते और बनाए रखते हैं जो हरित, सुरक्षित और हर किसी के लिए समावेशी हों।

CITY OF PARRAMATTA

6. **सभी लोग स्वस्थ, सक्रिय जीवन जी सकते हैं**

- शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करना, प्रतिकूल परिस्थिति का अनुभव कर रहे लोगों से शुरुआत करके।
- विकास के लाभ सभी के साथ समान रूप से तभी साझा किए जा रहे हैं जब स्वास्थ्य असमानता अंतराल समाप्त हो और लोग अपनी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बावजूद उच्च गुणवत्तापूर्ण जीवन के साथ अधिक लंबी आयु तक जी रहे हों।

7. **हम एक दूसरे पर भरोसा करते हैं, स्वागत करने वाले हैं और यहां मिलकर रहने पर अच्छा महसूस करते हैं।**

- सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से विविधतापूर्ण, समावेशी और सशक्त समुदायों को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक संपर्कों की सुविधा प्रदान करना।
- विकास के लाभ सभी के साथ समान रूप से तभी साझा किए जा रहे हैं जब हम किसी अजनबी के स्वागत के लिए तैयार हों, चाहे वह आगंतुक हो,  प्रवासी हो, हमारा पड़ोसी हो, सहकर्मी हो, कोई ऐसा हो जो कमजोर है, या ऐसा जो हमसे अलग है।

8. **हम मिसाल पेश करके नेतृत्व करते हैं**

- सामाजिक रूप से अधिक टिकाऊ पैरामाटा सिटी को सक्षम करने के लिए काउंसिल की नीतियों और रीतियों में सुधार करना
- विकास के लाभ सभी के साथ समान रूप से तभी साझा किए जा रहे हैं जब काउंसिल, स्थानीय संगठनों और व्यवसायों की मुख्य व्यावसायिक रणनीति में सामाजिक उत्तरदायित्व को जोड़ा जाए, और वे विचार करें कि किस प्रकार उनके कार्य अन्य लोगों को प्रभावित करते हैं।

## मैं किस पर फीडबैक प्रदान कर सकता/ती हूं?

पिछले कुछ महीनों में काउंसिल ने रूपरेखा के 3-5 वर्षों की कार्ययोजना को आकार देने में मदद के लिए समुदाय से इनपुट आमंत्रित किए हैं। खासतौर पर, हमने पूछा है कि नई कार्ययोजना में कौन से कार्य शामिल किए जाने चाहिए, ताकि काउंसिल को आठ SSPF लक्ष्य हासिल करने में मदद मिल सके। मसौदा कार्ययोजना (ड्राफ्ट एक्शन प्लान) को इन्हें मिलाकर बनाया गया था:

- 1-2 वर्षों की कार्ययोजना की समीक्षा
- सामुदायिक क्षेत्र के हितधारकों के साथ साक्षात्कार
- सामुदायिक क्षेत्र के हितधारकों की एक कार्यशाला
- एक विस्तृत सामुदायिक कार्यशाला, और
- काउंसिल स्टाफ के साथ आंतरिक संलग्नता।

यह सुनिश्चित करने के लिए नई कार्ययोजना में समावेश के लिए सुझाए गए कार्यों को मापदंड के एक सेट पर भी आकलन किया गया कि हमें अंततः कार्यों का वास्तविक, मापनीय और डिलीवर करने योग्य ठोस सेट प्राप्त हो हो।

हमने अब अपनी कार्ययोजना को इस फीडबैक के साथ अपडेट किया है और हम आपके साथ दोबारा जांच रहे हैं कि क्या हमने इसे सही कर लिया है। नई कार्ययोजना अगले तीन वर्षों तक सामाजिक रूप से टिकाऊ पैरामाटा रूपरेखा के कार्यान्वयन का दिशानिर्देशन करेगी।

## मैं कैसे फीडबैक प्रदान कर सकता/ती हूं?

'अपनी बात रखें' बटन पर क्लिक करके अपना फीडबैक ऑनलाइन प्रदान करें:
**participate.cityofparramatta.nsw.gov.au/**

आप सर्वेक्षण को अंग्रेज़ी, अरबी, हिंदी, कोरियाई या सरलीकृत चीनी में पूरा कर पाएंगे।

कृपया अपना फीडबैक **सोमवार 10 अगस्त 2020 को सुबह 9 बजे** तक सबमिट कर दें।

## SSPF के बारे में अधिक जानकारी के लिए मैं किससे संपर्क कर सकता/ती हूं?

ईमेल sociallysustainable@cityofparramatta.nsw.gov.au पर या फोन (02) 9806 8439 पर परियोजना टीम से संपर्क किया जा सकता है।